तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उन्नति पर...

14 खेल प्रतिभा को आगे लाने 20 साल से करवा रहे क्रिकेट...






## खबर संक्षेप

### शराब पीने के लिए पैसा नहीं दिया तो डंडे से मारा

**महासमुंद।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं दिए जाने पर बसना थाना क्षेत्र के ग्राम नरसिंगपुर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। ग्राम नरसिंगपुर वार्ड नं. 06 निवासी विकास कुमार ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को सुबह करीबन 10:30 बजे वह अपने दुकान से घर नाश्ता करने जा रहा था। जयंती घर के सामने पहुंचने पर ग्राम जगदीशपुर निवासी वर्गीस कुमार ने शराब पीने के लिये पैसे मांगा। विकास ने पैसा नहीं है कहा तो आवेश में आकर वर्गिस ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े बांस के डंडे से वार कर दिया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी वर्गीस कुमार के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### वाहन चालक और आरक्षक को चकमा देकर आरोपी फरार

**महासमुंद।** सरायपाली थाने में आबकारी अभिरक्षा से फरार होने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है कि आरोपी वाहन से उतरते वक्त चालक और आरक्षक को चकमा देकर फरार हो गया। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, आबकारी वृत्त सरायपाली द्वारा मंगलवार के दिन ग्राम नूनपानी में आरोपी मधुसूदन साहू पिता कौशल साहू (29 वर्ष) निवासी नूनपानी के रिहायशी मकान से 20 बल्क लीटर एवं 550 किलोग्राम महुआ लाहन तथा मदिरा निर्माण सामग्री बरामद किया गया था और आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) ए, एफ,इ, 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया था। आरोपी को न्यायालय में पेश किए जाने हेतु सीएचएसी सरायपाली में चिकित्सक से शारीरिक परीक्षण कराया गया। इसके पश्चात आबकारी नियंत्रण वृत्त सरायपाली में सीजी 06 जीपी 4120 वाहन से उतरते वक्त दोपहर करीब 2:30 बजे चालक एवं आरक्षक राज किशोर पांडे को चकमा देकर आरोपी फरार हो गया। सरायपाली थाने में आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 262 के तहत अपराध कायम किया है।

# गर्मी एवं उमस के चलते बाली निकले फसलों में तनाछेदक और भूरा माहो का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ दवा डालने के बाद फिर से फैल गई बीमारी

अंचल में बीते दिनों के मौसम में गर्मी एवं उमस के चलते फसलों में तनाछेदक और भूरा माहो का प्रकोप बढ़ गया है, जो फसलों को नुकसान पहुंचा रही है। इसके चलते किसानों की मुसीबतें बढ़ गई है। अधिकांश जगहों में धान की फसल तैयार हो चुकी है। ऐसे में शीत ब्लास्ट, तनाछेदक, भूरा बीमारी बीमारी आ जाने से धान की फसल सूखकर नष्ट होने लगी है। किसान बीमारी से बचने के लिए कीटनाशक दवाई का छिड़काव तो कर रहे हैं। बावजूद बीमारी से रोकथाम नहीं हो पा रही है। जिले में इस साल 2 लाख 47 हजार 833 हेक्टेयर भूमि में किसानों ने धान की फसल ली है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि किसानों को जागरूक करने के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है, जो बीमारी की रोकथाम के बारे में किसानों को चौपाल लगाकर बता रहे हैं। लेकिन हैरानी की बात तो ये है कि विभाग के पास जिले में अभी तक कितने प्रतिशत फसलों में तनाछेदक, भूरा माहो व ब्लास्ट से धान की फसल प्रभावित या खराब हुई है, इसका आंकड़ा हीं नहीं जुटा पाए हैं। कृषि उपसंचालक एफआर कश्यप का कहना है कि जिले में अभी भूरा माहो का प्रकोप, तना छेदक का प्रकोप है। इसके रोकथाम के लिए किसानों को दवाई डालने की सलाह दी जा रही है। इससे बीमारी दूर हो रही है।

किसान लखन साहू ने बताया पिछले साल की तुलना में इस बार भूरा माहो का प्रकोप ज्यादा है। लक्षण दिखने पर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया था। लेकिन थोड़े ही दिन बाद बीमारी फिर से फैल गई है।

## कीटनाशक दवा का नहीं हो रहा असर, किसानों की बढ़ी चिंता

### गांव में चौपाल लगाकर किसानों को कर रहे जागरूक

कृषि उपसंचालक कश्यप ने बताया कि इन दिनों धान की फसल में भूरा माहों बीमारी बढ़ गई है, जो न केवल पौधों की ग्रोथ को कम कर देता है। बल्कि इससे फसल पूरी तरह से नष्ट हो जाती है। इसके रोकथाम के लिए गांवों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है। जहां पंचायत व चौक में चौपाल लगाकर किसानों को बीमारी के रोकथाम के लिए दवा केधान की बालियां सूख रहीं



### 4 बार किया दवाई का छिड़काव

ग्राम बम्हनी के किसान पुरूषोत्तम साहू ने बताया है वह अपने खेत में 4 बार दवाई का छिड़काव कर चुके है लेकिन कीटनाशक का प्रभाव केवल ऊपरी सतह तक रहता है, जबकि भूरा माहो, ब्लास्ट, तनाछेदक के कीट तने के अंदर से बालियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे में धान का उत्पादन कम होगा। बीमारी इतनी तेजी से फैल रही है, धान की बाली के साथ ही पौधा पूरी तरह से सूख रहा है।

## आयोजन: सर्व समाज मंगल भवन के लिए की 50 लाख रुपए की घोषणा

# सम्मेलन में पहुंचे मुख्यमंत्री साय, कहा-अन्य समाज के लिए भी प्रेरणास्रोत है कोलता समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बसना विकासखंड के ग्राम

■ कोलता समाज वार्षिक स्नेह सम्मेलन व बंधु मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

गढ़फुलझर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बाबा बिसाशहे कुल कोलता समाज द्वारा आयोजित बाबा बिसाशहे कुल कोलता समाज वार्षिक स्नेह सम्मेलन व बंधु मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री साय रामचंडी मंदिर पहुंच कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंत्री दयाल दास बघेल, ओपी चौधरी, सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक संपत अग्रवाल, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, सरायपाली विधायक चातुरी नंद मौजूद रहे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कोलता समाज द्वारा आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में शामिल होना सौभाग्य की बात है। सौभाग्य है कि आप सबका दर्शन लाभ लेने आए है। कोलता समाज द्वारा मुख्यमंत्री का हुलहुली बजाकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह समाज बड़ा शिक्षित, समृद्ध है। यह समाज भारतीय समाज, संस्कृति एवं परंपरा को लेकर चलने वाला समाज है, जो दूसरे समाज को प्रेरणा देने वाला समाज है। कृषक समाज है। उन्होंने कहा कि ओडिशा की संस्कृति प्राचीन संस्कृति है और छत्तीसगढ़ मुख्य रूप से सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक रूप से इस राज्य से जुड़ा है।

दोनों प्रदेश के लोगों का रोटी-बेटी का संबंध है। दोनों के आचार-विचार मिलते हैं। उन्होंने युवाओं से नशा के खिलाफ जागरूक होने की अपील की, जिससे समाज स्वस्थ और प्रगतिशील बन सके। उन्होंने सभी को शासकीय योजना का लाभ लेने आह्वान भी किया और कहा कि समाज के सभी वर्ग सामने आएं।



### यह भी रहे कार्यक्रम में मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित समाज के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

### मंगल भवन के लिए की 50 लाख की घोषणा

मुख्यमंत्री साय ने गढ़फुलझर मे सर्व समाज मंगल भवन के लिए 50 लाख रुपए की घोषणा की। उन्होंने कहा कि रामचंडी गढ़फुलझर क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली सड़क को बेहतर और उन्नत बनाया जाएगा, जिससे परिवहन और संपर्क में सुधार होगा, और दोनों राज्यों के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध मजबूत होंगे। प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल ने सभी समाज के लिए सर्व मंगल भवन के लिए घोषणा के लिए अनुरोध किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने और सांसद रूपकुमारी चौधरी ने भी संबोधित किया और चौधरी ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली सड़क के उन्नयन की मांग की।

### पर्यटन कॉरीडोर की मांग उठी

बसना विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि रणेश्वर रामचंडी मंदिर सिद्ध मंदिर है। यहां जो भी मन्नत मांगी जाती है पूरी होती है। यह क्षेत्र आदिवासी राजा का गढ़ रहा है। उन्होंने इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और कॉरिडोर बनाने की मांग की है। पद्मपुर से गढ़फुलझर सड़क, कृषि महाविद्यालय खोलने, सर्व जन मंगल भवन, 100 बिस्तर अस्पताल, बसना में ट्रामा सेंटर, अधूरे जोक परियोजना, फुलवारी ग्राम को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग उनके द्वारा की गई।

### यह किंवदंती प्रचलित है रणेश्वर रामचंडी के संदर्भ में

मान्यता है कि प्रभु राम द्वारा रावण से रण में विजय पाने के लिए देवी की 9 दिन तक देवी की उपासना की गई थी। राम साधक के रूप के कठोर साधना कर चंडी को प्रसन्न किए, उनसे विजयी होने का आशीर्वाद प्राप्त किया। उसी समय से देवी के उस स्वरुप का नाम रणेश्वर रामचंडी पड़ा। माता रणेश्वर रामचंडी बाबा बिशासहे कोलता समाज की कुल देवी के रूप में फुलझर के गढ़ में प्रतिष्ठित हैं। जहां एक राजा तालाब और एक रानी तालाब है। यहां आदिवासी भैना राजा का राज्य था, जिन्होंने गुरु नानक देव को 4 एकड़ भूमि देकर एवं गांव का नाम नानक सागर कर सम्मानित किया। सन 2004 में रनेश्वर रामचंडी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई। तब से प्रत्येक वर्ष रामचंडी दिवस का आयोजन धूमधाम से होता हैं। यह आयोजन का 20वां वर्ष है। छत्तीसगढ़ में 306 गांव में कोलता समाज निवासरत है। जिसे 4 अंचल में विभाजित किया गया है, जिसके अंतर्गत 30 शाखा सभा आते हैं, प्रत्येक 100, व्यक्ति में एक ग्राम प्रतिनिधि होते हैं। कोलता समाज प्रमुख रूप से कृषि कार्य करते हैं। सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और परंपरा तथा जड़ से जुड़े रहने वाले होते हैं। शिक्षा के प्रति विशेष आग्रह रखने वाले, धार्मिक तथा सेवाभावी होते हैं। रामचंडी दिवस में छत्तीसगढ़ के 8 तथा ओडिशा के 12 जिले के लोग शामिल होते हैं।

## फांसी पर लटकता मिला शव

# जेब से सुसाइड नोट मिला लेकिन, जताई जा रही हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सूदखोरों के दबाव में आकर जीवन समाप्त किए जाने का एक और मामला बुधवार को सामने आया। शहर के चोरभठ्ठी मार्ग में नीलगिरी पेड़ की नर्सरी में एक युवक की फांसी पर लटकी हुई लाश की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस को जानकारी मिली कि युवक नयापारा निवासी हेमंत पिता शंकर साहू (32) की है। मृतक के जेब से सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है।



मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक हेमंत साहू सूदखोरों से बहुत परेशान था, उसे डराया-धमकाया जा रहा था। बीती रात भी सूदखोरों के कुछ गुर्गे हेमंत के घर पहुंचे थे, और घंटों हंगामा होने के साथ उसे फोन में डराया धमकाया गया। इसके बाद से युवा के घर से लापता हो गया था जिसकी लाश बुधवार सुबह वार्ड नीलगिरी प्लांटेशन में पेड़ पर लटकी मिली। मामले में हत्या का भी अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है क्योंकि लाश की न तो जीभ बाहर निकली मिली और न ही आंखें खुली थी। इस स्थिति में यह भी कहा जा रहा है कि युवक की पहले ही मौत हो चुकी थी बाद में उसे आत्महत्या साबित करने फंदे पर लटकाया गया है। मामले में नयापारा की एक महिला का नाम चर्चा में है जो रकम के बदले मोटी ब्याज वसूली के मामले में चर्चित है। उसके द्वारा ही मृतक के घर गुर्गे भेजे और उसे डराया धमकाया गया। सूदखोरी के साथ उक्त महिला द्वारा सट्टा कारोबार भी संचालित किए जाने की बात सूत्र बताते हैं।

बता दें कि हेमंत कुमार साहू शिवालिक पावर प्लांट में मजदूरी का काम करता था। मृतका शादीशुदा है जिसका 5 साल का पुत्र दिव्यांश साहू और एक पुत्री 3 साल के होने की जानकारी मिली है। स्थानीय वार्डवासियों ने बताया कि हेमंत के घर पर मंगलवार शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक गुर्गों ने उत्पात मचाया। घर पर नही होने के कारण महिला द्वारा हेमंत को लगातार फोन से धमकाया गया। पश्चात हेमंत की लाश संदेहास्पद अवस्था में अवस्था में मिली जिस पर सिटी कोतवाली पुलिस जांच कर रही है। मामले में मृतक के कॉल रिकाड्‌र्स चेक किए जाएं तो पुलिस के हाथ अहम सुराग लगेंगे।

# रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली में दबने से युवक की मौके पर ही मौत, आरोपी चालक पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खट्टी में ट्रैक्टर ट्राली में दबने से एक युवक के मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खट्टी में युवक जनेश्वर अपने घर की दीवार से सटकर खड़ा था। इस दौरान गली से गुजर रही ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया नाली में धंस गया। जिससे ट्रॉली और दिवार के बीच खड़ा युवक दर्दनाक तरीके से दब गया और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने ट्रॉली को धक्का देकर हटाने का प्रयास किया। लेकिन, रेत से भरे ट्रॉली को हटाने में काफी देर हो गई और तब तक युवक अपने प्राण खो चुका था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले ट्रॉली से रेत खाली कराया और फिर शव को बाहर निकाला। सिटी कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। पंचनामा के बाद आरोपी ट्रैक्टर क्र. सीजी 06 जीवी 1992 चालक के खिलाफ 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है ।

# पटवारी कार्यालय के समक्ष होगा अटल परिसर निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग की अध्यक्षता में अध्यक्ष सभाकक्ष में प्रेसीडेन्ट इन कौसिल (पीआईसी) की बैठक हुई। बैठक में कुल 12 प्रस्ताव लाए गए, जिस पर चर्चा पश्चात सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में नपा उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, सभापति बबलू हरपाल, सरला गोलू मदनकार, निखिलकान्त साहू, पवन पटेल, डमरूधर मांझी, सीएमओ विजय पांडेय, उप अभियंता शंकर दयाल शर्मा, करण यादव, गुमान ध्रुव मौजूद रहे।



### इन प्रस्ताव पर हुई चर्चा

जाति एवं मूल निवास के प्राप्त आवेदनों पर जाति एवं निवास निर्णय। वार्ड 03 एवं 18 में मोबाइल टॉवर के प्राप्त शिकायत पर निर्णय। पार्षद निधि से डस्टबीन क्रय किया जाएगा। पार्षद निधि / अन्य मद से निर्माण कार्य के लिए जोनल टेंडर आंमत्रित किया जाएगा। विभिन्न वार्डो में जीर्ण-शीर्ण सड़क मरम्मत / बीटीरोड पेच रिपेयर कार्य के कार्योत्तर अनुमोदन एवं अंतिम देयक को स्वीकृति प्रदान किया गया। पार्षद निधि से विभिन्न वार्डो में बोर कराया जाएगा। वार्ड 8 मोहम्मद हनीफ कुरैशी के जल शुल्क समस्या का निराकरण पर निर्णय लिया गया। अध्यक्ष द्वारा 24 सितंबर 2024 से 14 अक्टूबर 2024 तक विभिन्न कार्यों के लिए पीआईसी की प्रत्याशा में दिए गए प्रस्तावों की स्वीकृति। वार्ड 15 पटवारी कार्यालय के सामने अटल परिसर स्थापना का निर्माण किया जाएगा। पटवारी कार्यालय के पीछे सामुदायिक भवन प्रथम तल काव्यांश भवन निर्माण पर निर्णय के साथ ही शहर इंदिरा मार्केट की जर्जर दुकानों की मरम्मत का प्रस्ताव पारित किया गया।

# पाल वाली नाव में 8 घंटे में चले 30 किलोमीटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लेफ्टिनेंट कमांडर पी अनिरूध कमान अधिकारी एवं नौ सैनिकों 1 सीजी नेवल यूनिट एनसीसी रायपुर रायपुर की अगुवाई में चौथा दिन भी पाल नौकायन शिविर रोमांचक रहा। सुबह 7 बजे से पाल नौकायन (सैलिंग एक्स्पीडिसन शिविर) शुरू कर 30 किलोमीटर का सफर तय करते हुए शाम 3 बजे वापसी के साथ पूरा हुआ। 4 बजे कैडेटों के द्वारा ग्राम कोडार में स्वच्छता रैल एवं नाटक-नुक्कड़ किया गया। ग्रामवासियों को नाटक-नुक्कड़ के माध्यम से कैडेटों ने स्वच्छता एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश के देते हुए जागरूक किया।


## कन्या छात्रावास में छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं से हुए रूबरू

# कलेक्टर ने छात्रावास, स्कूल और अस्पताल का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरायपाली विकासखंड अंतर्गत कन्या छात्रावास, स्कूल, हॉस्पिटल एवं निर्माणाधीन आदिवासी छात्रावास का औचक निरीक्षण कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बुधवार को किया। इस दौरान कलेक्टर ने कन्या छात्रावास में छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं और जरूरतों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं के लिए भोजन, पानी और स्वच्छता की स्थिति की समीक्षा की। छात्राओं से पढ़ाई और अन्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। स्कूल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति और कक्षाओं का अवलोकन किया। स्कूल में शिक्षा के स्तर और अन्य गतिविधियों को पाठ्यक्रम में शामिल करने के निर्देश दिए।

इसी तरह उन्होंने 100 बिस्तर अस्पताल की सुविधाओं का जायजा लिया। जहां चिकित्सा सुविधाओं और दवाओं की उपलब्धता की जांच की। डॉक्टरों और स्टाफ से रोगियों के इलाज और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। निर्माणाधीन आदिवासी हॉस्टल के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ठेकेदार और अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने सरायपाली गौरव पथ के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण की धीमी प्रक्रिया पर नाराजगी जताते हुए समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी तरह की कमी को तत्काल दूर किया जाए और नियमित निगरानी रखी जाए ताकि सुविधाओं में सुधार हो सके और बेहतर सेवाएं मिलें। इस दौरान एसडीएम सरायपाली नम्रता चौबे, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, तहसीलदार श्रीधर पंडा एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।




पाठक सूचना

महासमुंद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

# फोटो युक्त निर्वाचक नामावलियों के प्रकाशन के साथ नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी शुरु

## 22 नवम्बर को मतदाता सूची का होगा अंतिम प्रकाशन, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली प्रेसवार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव एक साथ होने की सुगबुगाबटों के बीच बुधवार को प्रशासनिक अमले ने नगरीय निकायों के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के प्रारंभिक प्रकाश के संबंध में जानकारी साझा की।

प्रेस वार्ता के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने बताया कि 16 अक्टूबर 2024 से नगरीय निकायों के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नगर पालिका महासमुंद, बागबाहरा, सरायपाली तथा नगर पंचायत तुमगांव, पिथौरा एव बसना द्वारा किया जाकर दावा आपत्ति का कार्य प्रत्येक नगरीय निकाय में किया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न नगरीय निकायों में स्थानों की संख्या निर्धारित की गई है। नगरपालिका महासमुंद, बागबाहरा और सरायपाली में 15-15 स्थानों पर तथा नगर पंचायत तुमगांव में 05, पिथौरा में 03 और नगर पंचायत सरायपाली में 04 स्थानों पर दावा-आपत्ति स्वीकार किए जाएंगे। दावा आपत्ति 16 अक्टूबर 2024 से 23 अक्टूबर 2024 तक प्राप्त किया जाएगा तथा दावा आपत्ति के निपटारे की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर




2024 निर्धारित की गई है। 22 नवम्बर 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जागव वोटर कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं को निवार्चन से जोड़ने और कोई मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया से न छूटे इसलिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका को उनके क्षेत्र तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को उनके जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नामंकित किया गया है। नोडल अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक प्रचार किया जाएगा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार साहू एवं प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के जिला प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में कलेक्टर एवं अन्य अफसरों ने बताया कि पंचायत और निकाय चुनावों के एक साथ होने के संदर्भ में अब तक कोई दिशानिर्देश नही मिले हैं। हालांकि उन्हें मौखिक तौर पर उच्चाधिकारियों द्वारा इस स्थिति के लिए तैयार रहे जाने की बात कही गई है। पंचायत चुनाव के संदर्भ में बड़ा मुद्दा पलायन का रहा। दिवाली के बाद से बागबाहरा और पिथौरा क्षेत्र से मजदूरों का पलायन शुरु हो जाएगा और इसका सीधा असर पंचायत चुनाव के मतदान प्रतिशत में नजर आएगा।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की ठोकर से दो छात्राएं घायल

**महासमुंद।** सायकल से कॉलेज जा रही दो छात्राओं को बागबाहरा से झलप रोड चिन्मय ट्रेडर्स के सामने ट्रैक्टर ने ठोकर मार दी, हादसे में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ग्राम सुनसुनिया निवासी राहुल कुमार ओगरे ने पुलिस को बताया कि 15 अक्टूबर को उसकी बहन प्रतिमा ओगरे और उसकी सहेली द्रोपती नायक अपनी-अपनी सायकल से सुनसुनिया से शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा जा रहे थे, इसी दौरान बागबाहरा से झलप रोड चिन्मय ट्रेडर्स के सामने पीछे से बिना नंबर की ट्रैक्टर के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर पीछे से सायकल को ठोकर मार दी। हादसे में प्रतिमा ओगरे के दोनों हाथ, बांये पैर, जांघ एवं शरीर के अन्य हिस्से में चोटें आई है एवं द्रोपती नायक को मामूली चोट आई है। घटना के बाद द्रोपती नायक ने राहुल को फोन कर जानकारी दी। दोनों को घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल बागबाहरा ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद प्रतिमा ओगरे को रेफर कर दिया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी बिना नंबर ट्रैक्टर के चालक के खिलाफ 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### 256 अनाधिकृत निर्माण किए गए नियमित

**रायपुर।** कलेक्टर डा. गौरव सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण प्राधिकार समिति की बैठक हुई। इस बैठक में 256 प्रकरणों का निराकरण करते हुए अनाधिकृत निर्माण को नियमित करने के प्रस्ताव को पारित किया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनाधिकृत निर्माणों के लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द चरणबद्ध तरीके से निपटारा करे। उन्होंने कहा कि नियमों के सरल होने के बाद से नियमितिकरण आसान हुआ। इसके बाद तेजी के साथ प्रकरणों का निराकरण करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एडीएम देवेंद्र पटेल समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सूत्रों के नियमितीकरण प्राधिकरण समिति की बैठक होने से पूर्व रायपुर नगर निगम क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण को नियमितीकरण कराने के लिए करीब पांच हजार प्रकरण लंबित थे।

### सड़क स्वीकृति के लिए सीएम का आभार

**रायपुर।** पश्चिम विधानसभा को फिर चमकाने में जुटे पूर्व मंत्री तथा दिग्गज भाजपा नेता राजेश मूणत के प्रयासों पर सीएम विष्णुदेव साय ने मुहर लगाते हुए गुढ़ियारी को एक और फोरलेन सड़क प्रदान कर दी है। यह सड़क शुक्रवारी से शुरू होकर प्लेटफार्म-5 स्थित रेलवे फाटक को जोड़ेगी तथा पूरी तरह फोरलेन होगी। अभी यह सड़क कई जगह बेहद संकरी है। लगभग पौन किमी की इस सड़क के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने 26.52 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी कर दी है। सड़क निर्माण की मंजूरी और फंड मंजूर करने के लिए पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने सीएम विष्णुदेव साय, और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा, रायपुर पश्चिम क्षेत्र में सड़कों का इंफ्रास्ट्रक्चर और बढ़ाने के लिए और बड़ी कोशिशें की जाएंगी।

### स्काउट गाइड जिला एवं स्थानीय संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

# स्कूलों में स्काउट दल संचालन, पंजीयन और बच्चों की सहभागिता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला महासमुंद में राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव की अध्यक्षता एवं जिला मुख्य आयुक्त चंद्रहास चंद्राकर व येतराम साहू जिलाध्यक्ष तथा समस्त जिला उपाध्यक्षगण एस चंद्रसेन, धर्मशीला दास, सुधा साहू, जय पवार, एमआर सावंत जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट, अमी रूफ़स जिला आयुक्त गाइड, सतीश नायर व एनके सिन्हा सहायक संचालकद्वय की उपस्थिति में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। सर्वप्रथम सभी अतिथियों को कलर पार्टी के साथ तिलक स्कार्फ व बुके भेंटकर सम्मान मंच तक लाया गया। सभी मंचासीन अतिथियों का परिचय पश्चात स्काउट परंपरा अनुरूप प्रार्थना से बैठक का शुभारंभ हुआ।

अतिथियों का स्वागत उद्बोधन एनके सिन्हा कार्यालय आयुक्त ने किया। डीओसी गाइड लीनू चंद्राकर द्वारा राज्य मुख्य आयुक्त का संक्षिप्त परिचय के बाद जिला की ओर से प्रतिवेदन वाचन जिला सचिव प्रमोद कन्नौजे ने किया। इसके बाद राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने समीक्षा बैठक में जिला सचिव, समस्त ब्लाक सचिव एवं उपस्थित जिला के स्काउटर गाइडर को स्कॉउटिंग गतिविधि के बारे क्रमशः विकासखंडवार जानकारी ली। जिसमें सभी स्कूलों में स्कॉउटिंग की दल संचालित हो, सभी का पंजीयन होना अनिवार्य सुनिशचित हो, अधिक से अधिक बच्चों की सहभागिता हो। स्काउट गाइड को आगे बढ़ाने में जिला एवं विकासखंड के पदाधिकारी भरपूर सहयोग करें। अधिक से अधिक बच्चों का विकास हो।




साथ ही मितव्ययिता का विशेष ध्यान रखा जावे। नव पदाधिकरियों को वरिष्ठ स्काउटर राम कुमार साहू ने स्कॉउटिंग के उद्देश्य एवं पदधिकारियों के दायित्व को संक्षिप्त में बताया। अपने उद्बोधन में जिला मुख्य आयुक्त चंद्रहास चंद्राकर ने जिला की स्कॉउटिंग को आगे बढ़ाने आश्वास्त किया। जिससे जिला का एक अलग पहचान बन सकेगा। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र मानिकपुरी, तुलेंद्र सागर व शैलेंद्र नायक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। आभार प्रदर्शन अमी रूफ़स जिला आयुक्त गाइड ने किया। जिला संघ की ओर से राज्य मुख्य आयुक्त को स्मृति चिन्ह व पौधा भेंटकर किया गया।

द्वितीय सत्र में सांसद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक की अध्यक्षता एवं जिला स्काउट गाइड के सरंक्षक द्वय के साथ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष दाऊ लाल चंद्राकर व पारस चोपड़ा एवं समस्त ब्लाक पदाधिकारियों की उपस्थिति में पहले जिला संघ के पदाधिकारी येत राम साहू जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्षगण जय पवार, अशोक अग्रवाल, आनंद साहू, एस चंद्रसेन, धर्मशीला दास, सुधा साहू को डीटीसी स्काउट संतोष साहू ने स्काउट झंडा के स्काउट मोटो के साथ सभी पदाधिकारियों को तैयार किया गया, जिन्हें सांसद ने स्काउट की प्रतिज्ञा के साथ शपथ दिलाई। दूसरे क्रम में महासमुंद स्थानीय संघ के ब्लाक अध्यक्ष कौशलेंद्र वैष्णव, उपाध्यक्षगण देवीचंद राठी, मनीष शर्मा, नितेश श्रीवास्तव, तारा चंद्राकर, शुभ्रा शर्मा, सीता डोंडेकर को भी स्काउट की प्रतिज्ञा के साथ शपथ ग्रहण कराया गया। इसी क्रम में जिला के वरिष्ठ स्काउटरद्वय प्रमोद कन्नौजे एवं शैलेंद्र नायक को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होने पर जिला संघ की ओर से अतिथियों के द्वारा शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को जिला संघ की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अतिथिद्वय ने सभी स्काउटर गाइडर को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चों के भविष्य निर्माता हैं। इसके साथ ही स्काउट गाइड के माध्यम से अनगढ़ बच्चों को सुघ्घर बनाते हैं, ऐसे ही आप सभी से अपेक्षा है जिला के विद्यार्थियों को राज्यपाल और राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए तैयार करेंगे। एक सुयोग्य नागरिक बनाने में लगे हैं। आप सभी बधाई के पात्र हैं। सभी विकासखंड व जिला मिलकर स्कॉउटिंग को बेहतर बना एजिससे जिला का नाम हो।

इस अवसर पर महासमुंद से मनीष बंसल, लीलाधर सिन्हा बीईओ, हिना धालेन एबीओ, लता वैष्णव सचिव, राम कुमार साहू पूर्व जिला सचिव, मधु शर्मा, उत्तम वर्मा, चंद्रकांता ठाकुर, अर्चना तिवारी, तामेश्वरी साहू, नरेश विश्वकर्मा, नितिन श्रीवास्तव, हीरेंद्र साहू, वेदराम रात्रे, विद्या दुबे, चंद्र प्रकाश चंद्राकर, मुरलीधर पटेल, रितेश जोशी, रामेश्वरी दीवान, आशी, सराईपाली से सचिव यशवंत कुमार चौधरी, पुष्पांजलि चौधरी, शीला श्रेय, सरोजनी बांदी, श्रुति सामल, हेमंत चौधरी, अजय आर्य, कमलेश सतपथी, अनूप मेश्राम, आशीष सामल। बसना से शीत गुप्ता अध्यक्ष स्थानीय संघ, विवेकानंद दास सचिव, गजानंद भोई, अनिल सिंह साव, गिरीश गजेंद्र, रमाकांति दास, ईश्वरी पोर्रे, पूर्णानंद मिश्रा, कुसुम कोटक, सविता सुमन, सालीकराम टंडन, हरिराम साव, शंकर सिदार। पिथौरा से देवकुमारी चौधरी, संतोष कुमार साहू, रामकुमार नायक, झनेशकुमार साहू, राजीव तिवारी, लेखराम साहू, सरस्वती पटेल, सुकांति नायक, दीपिका देवांगन, चंद्रिका साहू, पतिराम पटेल, अंशुमन तांडी एवं कलर पार्टी। बागबाहरा से पंकज हरपाल अध्यक्ष, केके वर्मा बीईओ, देवेश साहू, दानवीर शर्मा, शेष नारायण साहू सचिव, भीमसेन चंद्राकर, मनोज दीवान, व्यासनारायन बंजारे, डिगेश साहू, अरुण कोसे, सतीश देवांगन, गगन तोंडेकर, पूरी हरपाल, जेनेविबा तिर्की, गौरी मावले, चंद्रकांता महिलवार, वीणा साहू, सावित्री दुबे, देवेंद्र दीवान आदि स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे।

# एसडीएम कार्यालय परिसर में चोपड़ा ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राजस्व विभाग की समस्याओं के निराकरण के लिए बुधवार को पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने राजस्व विभाग के समस्याओं से पीड़ित ग्राम पाली, बरोंडाबाजार एवं महासमुंद के किसानों से एसडीएम कार्यालय परिसर में समस्याएं सुनी। लोगों ने कहा कि वे वर्षो से प्रकरणों के निराकरण के लिए चप्पल घिस रहे हैं। परन्तु, अभी तक निराकरण नहीं हो पाया है। वहीं लोगों ने आगे कहा कि समस्याओं का निराकरण न हुआ तो वह फिर अनशन पर बैठेंगे। डॉ. चोपड़ा ने लोगों की समस्याएं सुनने के पश्चात एसडीएम पैकरा से मिलकर चर्चा की और पुराने प्रकरणों के निराकरण संबंधी समस्याओं की समीक्षा की। पूर्व पीठासीन अधिकारी के बचे हुए सभी प्रकरणों की जांच कर जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही। वहीं एसडीएम को महासमुंद कलेक्टर से चर्चा कर प्रकरणों के निराकरण संबंधी बात कही। डॉ. चोपड़ा एसडीएम कार्यालय परिसर में महासमुंद कलेक्टर से त्वरित फ़ोन पर बात करते हुए अधिकारियों की भर्राशाही और मनमानी के चलते नाराजगी जताते हुए इसकी शिकायत कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि कांग्रेस की भ्रष्टाचारी सरकार के समय से चलते आ रहे लोगों के प्रकरण अभी तक लंबित पड़े हुए हैं, पर अब तक लंबित पड़े प्रकरणों का निराकरण नहीं हो पा रहा है तो भाजपा समर्थकों का उम्मीद टूटता जा रहा है। लोगों को ढांढस बंधाते हुए डॉ. चोपड़ा ने कहा कि सभी प्रकरणों का निराकरण जल्द से जल्द किया जाएगा। साथ ही राजस्व मंत्री और मुख्यमंत्री से निर्देश है कि जितने भी पुराने राजस्व विभाग के प्रकरण लंबित हैं उनका जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। परन्तु, इन सभी के बावजूद राजस्व विभाग के अधिकारी अपनी मनमानी करते हैं, और लोगों के प्रकरण अभी तक लंबित हैं। डॉ. चोपड़ा ने कहा मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री से मिलकर अधिकारियों की शिकायत



कर अपनी समस्याओं को अवगत कराया जाएगा तथा उनके निराकरण हेतु अनुरोध किया जाएगा। डा चोपड़ा ने आगे कहा कि गरीब किसान अपना फसल समर्थन मूल्य में नहीं बेच पा रहा, न खाद ले पा रहा, न ही ऋण ले पा रहा है, किसानों को प्रकरण के निराकरण न होने के कारण हर साल लाखों का नुकसान हो रहा है। प्रशासन से अनुरोध है कि वह सही प्रकरणों की जांच करते हुए उनका जल्द से जल्द निराकरण करें। आने वाले बुधवार को आम लोगों की राजस्व विभाग और अन्य विभाग संबंधी समस्याएं डॉ. चोपड़ा द्वारा एसडीएम कार्यालय परिसर में सुनी जाएगी।

# 16 रेंजर, 45 डिप्टी रेंजरों को दीपावली गिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन विभाग के 16 रेंजर तथा 45 डिप्टी रेंजरों को राज्य सरकार ने बड़ी दीपावली गिफ्ट दिया है। राज्य शासन ने इन रेंजर तथा डिप्टी रेंजरों का प्रमोशन करते हुए एसडीओ तथा रेंजर के पद पर पदोन्नत किया है। वन विभाग में दो साल के बाद रेंजर तथा डिप्टी रेंजरों की प्रमोशन लिस्ट जारी की गई है। रेंजर तथा डिप्टी रेंजर का प्रमोशन होने के बाद निचले स्तर के कर्मचारियों को भी शासन स्तर पर 15 साल से अटकी वेतनवृद्धि मिलने की आस है। जिन वनक्षेत्रपालों का प्रमोशन किया गया है, उनका स्थानांतरण आदेश भी जारी किया गया है। शासन के आदेश पर जिन रेंजरों का प्रमोशन किया गया है, उनकी सूची इस प्रकार से है- संदीप सिंह प्रभारी राज्य स्तरीय उड़न दस्ता से वन बल कार्यालय,बृजलाल देवांगन वन मंडल दंतेवाड़ा से कार्यालय मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर, तोषी वर्मा परिक्षेत्र अधिकारी कोरबा से वन मंडल कार्यालय कोरबा, दुरपति सिदार धर्मजयगढ़ वनमंडल से कार्यालय मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर, द्रोपति राजनंदगांव से उप वन मंडल अधिकारी दंतेवाड़ा, आसमान सिंह इंद्रावती टाइगर रिजर्व से कार्यालय सुकमा वन मंडल, संतोष कुमार पाण्डेय परिक्षेत्र अधिकारी रामानुजगंज, बलरामपुर से कार्यालय वन मंडल अधिकारी बलरामपुर, घासीराम कोर्राम नारायणपुर से उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन नारायणपुर, सुखदास नाग सुकमा से अधीक्षक इंद्रावती टाइगर रिजर्व, अनिल कुमार बोमार्डे राजनांदगांव से कार्यालय मुख्य वन संरक्षक कार्यालय दुर्ग, रामभरोस सोनवानी सुकमा से प्रबंध संचालक जिला यूनियन सुकमा, दिलीप कुमार सिन्हा भानुप्रतापपुर पश्चिम से उप वन मंडल अधिकारी अनुसंधान एवं विस्तार केंद्र जगदलपुर, रामशरण राम बलरामपुर से उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन सूरजपुर, पुष्पेंद्र कुमार साहू बलौदा बाजार से कार्यालय वन मंडल अधिकारी राजनंदगांव, तरुण तिवारी गरियाबंद से प्रभारी अधिकारी रायपुर, गुलशन कुमार साहू सुकमा से उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन जगदलपुर स्थानांतरण किया गया है।

# प्रधानमंत्री आवास शहरी एएचपी के आवासों का भौतिक सत्यापन, 40 अफसरों की टीम प्रदेशभर में करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एएचपी घटक के तहत बन रहे करीब 60 हजार आवासों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

इस काम के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में इस जांच के लिए 40 अफसरों की एक टीम बना दी है। खास बात ये है कि उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के भारसाधक मंत्री अरुण साव ने पिछले महीने नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में निर्देश दिए थे। अब जांच दल का गठन किया गया है।




### जांच प्रतिवेदन इस तरह बनेगा

निर्देश के मुताबिक जांच दल भागीदारी में किफायती आवास( एएचपी) घटक का कार्य अनुबंध के प्रावधानों के अनुरूप तय करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, सामाग्रियों की टेस्ट रिपोर्ट, सुरक्षा संबंधी उपाय, एजेंसी द्वारा बंद कार्यों में अनुबंध के मुताबिक वांछित कार्यवाही के विरुद्ध निकाय द्वारा की गई कार्यवाही, स्वीकृत आवासों, के आवंटन एवं पूर्ण आवासों के व्यवस्थापन तथा अन्य आनुषांगिक विषयों के संबंध में निकायों द्वारा की जा रही कार्यवाही को रिपोर्ट में शामिल करेंगे। इसके साथ ही योजना के क्रियान्वयन के लिए निकाय में होने वाली कठिनाईयों और उनके निराकरण के उपाय भी रिपोर्ट में रखेंगे।

### अब तक हो चुकी है 60 हजार आवास की मंजूरी

*छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत, (अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप) परियोजना के तहत बड़ी संख्या में आवास निर्माण हो रहे हैं। राज्य में अब तक लगभग 60,000 नए आवासों को मंजूरी दी जा चुकी है। इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए मकान बनाए जा रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में किफायती दरों पर आवास प्रदान करना है, और इसके तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल का भी उपयोग किया जा रहा है, ताकि निजी क्षेत्र से भी जुड़ाव हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत्तीसगढ़ की कई परियोजनाएं जारी हैं, जिनमें राज्य सरकार और केंद्र सरकार की ओर से आवासों के निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। केंद्र और राज्य के बीच 60:40 के अनुपात में वित्तीय साझेदारी है, जिससे हर पात्र परिवार को 2.5 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है।*

### संगठनात्मक और जनहित के मुद्दों में हम भाजपा से ज्यादा मजबूत- बैज

# दक्षिण उप चुनाव में कांग्रेस-भाजपा ने किए जीत के दावे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव की तिथि की घोषणा के बाद कांग्रेस और भाजपा ने जीत के दावे किए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इसका स्वागत करते हुये कहा, कांग्रेस चुनाव में जाने के लिये पूरी तरह से तैयार है। अबकि बार हम दक्षिण में नया इतिहास रचेंगे। जनता के आशीर्वाद से यहां से कांग्रेस का प्रत्याशी चुनाव जीतेगा। दक्षिण विधानसभा का चुनाव में साय सरकार के 11 माह के कुशासन के खिलाफ जनता मतदान करने को तत्पर है। उन्होंने कहा, 11 माह में राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था भाजपा की वायदाखिलाफी, सरकार का कुशासन बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। कोई सरकार 11 माह के अल्प समय में ही इतनी ज्यादा अलोकप्रिय साबित हो सकती है, इसका उदाहरण छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार है। जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है, अतः जनमानस भाजपा के खिलाफ है। उन्होंने कहा, आम आदमी भाजपा के राज में अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा, दक्षिण के उपचुनाव के लिये कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक तैयारी भी पूरी है। सभी 19 वार्डो में पार्टी की बूथ कमेटियां चुनाव में जाने को मुस्तैद है। वार्ड स्तर पर जिम्मेदारी दी जा चुके है, लगातार कार्यकर्ताओं की बैठकें जारी है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में दक्षिण उपचुनाव को लेकर उत्साह है।

- 11 माह की साय सरकार की नाकामी चुनाव में बड़ा मुद्दा- कांग्रेस

### रिकार्ड मतों से जीतेंगे- श्याम बिहारी

चुनाव प्रभारी और मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चुनावी तारीखों के ऐलान के बाद कहा, भाजपा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। रायपुर दक्षिण का उप चुनाव विशेष है। अब तक बृजमोहन लड़ते रहे हैं, इस बार नया चेहरा चुनाव लड़ेगा। दक्षिण उप चुनाव क्रो हम रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे। कांग्रेस की तैयारियां कैसी रहती हैं, सभी जानते हैं, विधानसभा और लोकसभा में बोले थे एकतरफा जीतेंगे। अब भी जीतने का दावा कर रहे हैं, हारने के बाद ईवीएम पर ही ठीकरा फोड़ेंगे।



### सीट खाली होने के बाद से चल रही तैयारी- बृजमोहन

*रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, बीजेपी उपचुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। जब से मैंने सीट खाली की है, तब से ही हमारी चुनाव की तैयारी चल रही है। आठ बार रायपुर दक्षिण की जनता ने हमें जीत दिलाई है, अगली बार भी बीजेपी की जीत होगी। कांग्रेस अब चुनौती नहीं है, जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में, अब हरियाणा में कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है। पूरी ताकत लगाकर उपचुनाव में अपनी भूमिका निभाएंगे। बीजेपी का जो भी प्रत्याशी होगा, उसको जिताने के लिए कार्य करेंगे। महाराष्ट्र और झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा पूरे देश में मजबूत है, कांग्रेस के सपनों को हरियाणा ने चकनाचूर कर दिया।*



*संपति विरूपण पर कलेक्टर ने जारी की चेतावनी*

# उपचुनाव के दौरान केवल रायपुर दक्षिण में लागू होगी आचार संहिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग ने कर दी है। अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि आचार संहिता किस तरह लागू होगी? इस सवाल के जवाब में राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने हरिभूमि से कहा है कि आचार संहिता केवल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में ही लागू होगी। रीना कंगाले के मुताबिक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो जाती है। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अब सरकारी खर्चों से किसी योजना का प्रचार नहीं किया जा सकेगा। सरकार की किसी कल्याणकारी योजना के संबंध में चुनाव होने तक प्रचार प्रसार नहीं किया जा सकेगा। आचार संहिता लागू रहने तक कोई भी शासकीय कार्यक्रम, उद्घाटन, शिलान्यास वगैरह भी नहीं हो सकता। सरकारी दफ्तरों में भी किसी तरह का राजनीतिक प्रचार नहीं हो सकेगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को वे आदर्श आचार संहिता से संबंधित मापदंड की जानकारी प्रसारित करेंगी। उल्लेखनीय है कि 18 अक्टूबर से दक्षिण सीट के लिए नामांकन होंगे। 13 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे।

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले ने दी जानकारी

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिया ये निर्देश

उप-निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संबंधित विधानसभा क्षेत्र में किसी संपत्ति का विरूपण न हो। कलेक्टर ने मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, शासकीय कार्यालयों से लेकर विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक भवनों, स्वीमिंग पुल, लाइब्रेरी जैसी शासकीय परिसरों से भी सभी प्रकार की संपत्ति विरूपित करने वाले साधनों को समय-सीमा में हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। डॉ. सिंह ने संपत्ति विरूपित करने वाले लोगों के विरुद्ध तत्काल निर्धारित समय-सीमा में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने व विरूपण हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं।

# राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी व विज्ञान मेला में मॉडल प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग सरगुजा संभाग द्वारा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के सौजन्य तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी रायपुर के सहयोग से सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय अंबिकापुर में 15 से 18 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जिसमें जिले से बाल वैज्ञानिक सिमरन जांगड़े, हितेश साहू, हर्षा साहू, छत्रपाल साहू, भोजराज चक्रधारी, प्रिया यादव तथा व्याख्याता चंद्रशेखर मिथलेश अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिले के प्रभारी शिक्षक के तौर पर चंद्रशेखर मिथलेश, दुर्गेश साहू, ज्योति भास्कर राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों के साथ अंबिकापुर में उपस्थित हैं। आशी बाई गोलछा शाउमावि महासमुंद कक्षा 11वीं छात्रा सिमरन जांगड़े पराली प्रबंधन पर अपना मॉडल प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने बताया कि पराली प्रबंधन के लाभ -पराली को जलाने के बजाय उसे बचाकर रखने से मिट्टी का कटाव नहीं होता। इससे मिट्टी की नमी और जैविक पदार्थ भी सुरक्षित रहते है। उर्वरता क्षमता बढ़ती है। रासायनिक खाद वाले खर्च में कमी आती है। पर्यावरण प्रदूषण नहीं होता है। भूमि में पल रहे जीव-जंतुओं को नुकसान नहीं होता है, खेतों की उपज बढ़ती है। सूखे इलाकों या शुष्क मौसम में भी फायदा होता है। लुगदी को हॉट कंप्रेशर मशीन मॉल्ड सांचे में डालकर आकार देकर पैकेजिंग बैग, प्लास्टिक कप, बैग, प्लेट बना सकते है। डी कंपोजर -यह कैप्सूल होता है, इसको 1 एकड़ खेत में चार कैप्सूल प्रयोग में लाते है, इससे पराली 15-20 दिनों में ही कमजोर पड़ जाती है और खाद के रूप में परिवर्तित हो जाती है।

शाउमावि खल्लारी के हितेश कुमार साहू कक्षा 12 वीं एवं हर्षा साहू कक्षा 11वीं ने प्राकृतिक खेती प्राकृतिक एवं खेती खुशहाल किसान योजना को लेकर मॉडल




तैयार किया था। इस पर उन्होंने बताया कि जब हम प्राकृतिक खेती का उपयोग करेंगे तो खेती में जीव मित्र की मात्रा बढ़ेगी, कार्बनिक तत्व भी बढ़ेगा और लाभ खेत में कार्बनिक तत्व की मात्रा बढ़ेगी। मिट्टी संरध होगी जिससे जलस्तर बढ़ेगा एवं गोधन को बढ़ावा मिलेगा। इसी तरह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुनगाशेर के छत्रपाल साहू कक्षा 12वीं ने ट्रेन एक्सीडेंट अलर्ट सिस्टम का मॉडल तैयार किया। जिसके तहत अगर ट्रेन की पटरी पर कोई व्यक्ति र आता है तो अल्ट्रासोनिक सेंसर की मदद से उसे सेंस करके ट्रेन को सिग्नल देता है, ट्रेन की ओर से एलईडी लाइट और बजर बजने लग जाता है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहंदी के भोजराज चक्रधारी कक्षा दसवीं ने वाकिंग स्टिक फॉर डिसेबल्ड पर्सन को लेकर मॉडल बनाया। इस मॉडल के बारे में बताया गया कि एक मल्टीपरपज स्टिक है जो डिसेएबल पर्सन के लिए उपयोगी है। चलते समय थकान महसूस होती है इसें बैठ सकते हैं और लाइट में आसानी से चल सकते हैं, आने वाले समय में इसमें ऑब्सटेकल डिटेक्टर लगा देंगे, जिससे ब्लाइंड पर्सन भी आसानी से स्टिक का उपयोग कर सकेंगे।

सेजेस पटेवा के प्रिया यादव कक्षा 10वीं ने घन की रंगहीन और रंगीन फलकों की गणना करना एवं गणना को जल्दी और सटीक गणना करने के लिए सूत्रों की स्थापना करने को लेकर मॉडल तैयार किया।

आशी बाई गोलछा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याता चंद्रशेखर मिथलेश ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सीसीटीवी वीडियो प्रोसेसिंग तकनीक को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वीडियो की स्टोरेज एवं इवेंट डिटेक्शन में काफी समय लगता है। नवीनतम वीडियो तकनीक के माध्यम से की समस्या को दूर किया गया है। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, सहायक संचालक सतीश कुमार नायर, नंदकिशोर सिन्हा, जिला विज्ञान नोडल हेमेंद्र आचार्य, प्राचार्य आशी बाई गोलछा जीआर सिन्हा, प्राचार्य खल्लारी सविता चंद्राकर, प्राचार्य पटेवा समीर प्रधान, प्राचार्य मोहन्दी उत्तम कुमार साहू ,प्राचार्य मुनगाशेर कौशल चंद्राकर, गीता सोना, जिला विज्ञान संयोजक जगदीश सिन्हा ने जोन के विजयी छात्रों एवं मार्गदर्शक शिक्षक डॉ ज्योति किरण चंद्राकर, मनोज साहू, अनिता पटेल, राजू चंद्राकर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप

### 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 08 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद अंतर्गत ग्राम भलेसर की मृतिका नीरा ध्रुव, ग्राम अमावश के मृतक प्रियांश जांगड़े तथा पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम राजपुर के मृतक सुरेंद्र बरिहा, ग्राम पंडरीपानी की मृतिका अनिता भोई, ग्राम छोटेलोरम के मृतक राजकुमार खड़िया के निकटतम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सांप के काटने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरनईदादर की नबिका उर्फ और सरायपाली विकासखंड अंतर्गत अंबेडकर नगर 01 की प्रभाषिनी निराला तथा गाज गिरने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड के ग्राम खैरखुटा के मृतका चंद्रमणि कोड़ाकू के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### बेसहारा वृद्धा के शव का किया गया अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** स्थानीय नयापारा वार्ड 8 निवासी 65 वर्षीय वृद्धा पानो बाई मांझी का सामान्य बीमारी से घर पर मृत्यु होने की सूचना पर नगर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने मृतका का अंतिम संस्कार कार्य किया। मृतका पानो बाई मांझी नयापारा वार्ड 8 निवासी के दोनों पुत्र बाहर रहकर रोजी मजदूरी कर जीवन यापन करते है और उनके नही पहुंच पाने की स्थिति में परिजनों की सहमति से समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने मोहल्लेवासियों और महिला की बहुओं की उपस्थिति में उक्त महिला के शव का ससम्मान अंतिम संस्कार कार्य दलदली मार्ग स्थित मुक्तिधाम स्थल में किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य डॉ जे शुक्ला, फगवा पटेल, ओमप्रकाश औसर, राजू चंद्राकर, मोहन बावनकर, डॉ एजाज नकवी, मनोज पटेल, गोपाल वर्मा, विजय ठाकुर, संजय साहू, गुमान चंद जैन, यादराम बंगाली, दिनेश साहू, बूंदा यादव, राजू सरोज, बोडो, बाबूलाल पटेल, बबलू नेताम आदि उपस्थित रहे।

# वीरेंद्र बहादुर सिंह महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन एवं राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष यूके बरिहा के निर्देशन में राजनीति विज्ञान परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संध्या भोई प्रभारी प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष हिंदी, विशिष्ट अतिथि डॉ झरना साव एवं एनके जगत मंचासीन थे। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती एवं डॉ.भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति अंजली नाग द्वारा की गई। इस अवसर पर स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के द्वारा राजनीति विज्ञान के संबंध में अपने विचार व्यक्त किया और राजनीति विज्ञान के माध्यम से प्रादेशिक, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय एवं सामाजिक मामलों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि एनके जगत ने वर्तमान समय में राजनीति विज्ञान की उपयोगिता और भविष्य में पाए जाने वाले अवसर के बारे में विचार व्यक्त किया। डॉ.झरना साव ने राजनीति विज्ञान विषय के संबंध में अपनी रुचि को रेखांकित किया तथा राजनीति विज्ञान समाज का एक पथ प्रदर्शक होने के नाते उसकी उपयोगिता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और आज राजनीति अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यूके बरिहा ने राजनीति विज्ञान के उद्देश्य एवं सिद्धांतों को बहुत ही विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया तथा आगामी समय में महाविद्यालय में किए जाने वाले संगोष्ठी सेमिनार के बारे में अपनी विभाग की कार्य योजना को प्रस्तुत किया। भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम के जयंती मनाए जाने के बारे में बताया गया और भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अपने जीवन को शिक्षा और समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। भारत को महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में उनकी बड़ी भूमिका थी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में भारत को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाया। उनके राष्ट्रपति कार्यकाल में शिक्षा के प्रति महत्वपूर्ण कार्य किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संध्या भोई ने छात्र जीवन के संबंध में अपने विचार व्यक्त किया और छात्र जीवन में ज्ञान प्राप्त करने के लिए तीव्र इच्छा होनी चाहिए। ईश्वर अथवा गुरु के प्रति सच्ची आस्था होने पर ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है और कोई भी व्यक्ति स्वयं से अपेक्षा रखें तो जीवन में सफलता को अर्जित कर सकता है। डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा भारत में किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए महाशक्ति बनाने में उनके कार्यों की प्रशंसा की तथा छात्र-छात्राओं को उनके जैसा बनने के लिए प्रेरित किया। भारत के अनमोल रतन के रूप में डॉ. कलाम का योगदान महत्वपूर्ण है। पश्चात राजनीति विज्ञान के पदाधिकारियों का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष नीरज कुमार निषाद, उपाध्यक्ष पायल साहू, सचिव सायबा बानो, सहसचिव सुमन मिरी, कोषाध्यक्ष झरना पटेल एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चैतन्य सिदार, चंचल ठाकुर, अंजलि नाग, हसीना बघेल, उमेश निषाद, नेहा नायक, नरेश रात्रि, भाग्यश्री अंचल, हेमकुमारी नायक, सपना पटेल एवं रूपेश तांडी का चयन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. संध्या भोई ने मनोनीत पदाधिकारियों को राजनीति विज्ञान के उद्देश्य एवं सिद्धांत के बारे में पढ़कर शपथ ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम का संचालन सेत कुमार कोसरिया एवं पायल साहू ने संयुक्त रूप से किया।




## ऑर्गन ने दी नई दिशा दृष्टिबाधित काशीराम ने बनाया मानस मंडली म्यूजिक बैंड



**महासमुंद।** जिले के मामाभांचा गांव के निवासी काशीराम कमार, जो शत-प्रतिशत दृष्टिबाधित दिव्यांग हैं, उन्होंने अपनी विकलांगता को कभी भी अपने सपनों को पूरा करने में बाधा नहीं बनने दिया। उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव उन्हें अपने जीवन की चुनौतियों का सामना करने में मदद करता रहा। वे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए अपनी आजीविका चलाते थे और ऑर्गन बजाने में निपुण हो गए थे, लेकिन उनके पास अपना ऑर्गन न होने के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अपनी इस समस्या को हल करने के लिए काशीराम ने कलेक्टर को आवेदन दिया। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और आवश्यकता को समझते हुए कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को त्वरित रूप से ऑर्गन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विभाग ने तत्परता से काम करते हुए उन्हें ऑर्गन प्रदान किया। इस ऑर्गन ने काशी राम के संगीत सफर को नई दिशा दी। ऑर्गन प्राप्त करने के बाद काशीराम ने गांवों में संगीत कार्यक्रम आयोजित करने शुरू कर दिए, विशेष रूप से शादी के कार्यक्रमों में। इसके अलावा, उन्होंने मानस मंडली नामक एक ग्रुप तैयार किया, जो गांवों में रामायण कार्यक्रम प्रस्तुत करता है। इस ग्रुप को मानस मंडली म्यूजिक बैंड के रूप में पहचान मिली, जो अब विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देते हुए अच्छी आमदनी कर रहे हैं और परिवार का भरण-पोषण कर पा रहे हैं।

# कबड्डी महिला में महासमुंद महाविद्यालय बना विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार लहरे के नेतृत्व में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की कबड्डी महिला टीम ने परिक्षेत्र स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया, जो कि शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 15 अक्टूबर को आयोजित था। टीम ने अपना पहले मैच में शासकीय महाविद्यालय पिथौरा को आसानी से हराकर जीत की शुरुआत की। सेमीफाइनल मैच में शासकीय महाविद्यालय बसना को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच शासकीय महाविद्यालय महासमुंद और शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के मध्य खेला गया। जिसमें महासमुंद की महिला टीम विजयी रहीं। टीम के स्टार खिलाड़ी हसीना (कप्तान), प्रीति, चांदनी, पुष्पा, ज्योति, अंजनी, रामेश्वरी, दिव्यानी, पूर्णिमा रही। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राजस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। जिसमें महाविद्यालय से 03 खिलाड़ी हसीना, प्रीति व चांदनी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। इसके लिए महाविद्यालय प्राचार्य एवं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।

### मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का केंद्रीय अध्यक्ष चुनाव 20 को

**महासमुंद।** छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव लोकतांत्रिक प्रणाली से पंचायत चुनाव के तर्ज पर 20 अक्टूबर को होने जा रहा है। केंद्रीय सूचना प्रभारी ऋषि कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए विस्तारपूर्वक बताया कि पूरे समाज को 10 राज में विभाजित किया गया है। जिसमें सात राज्यों में राज प्रधान के लिए चुनाव होना है। वहीं धमधा एवं बलौदाबाजार राज में आरक्षण के चलते महिला राज प्रधान का चुनाव होना है। वहीं पूरे छत्तीसगढ़ में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। जिसमें 18 वर्ष से ऊपर के स्वजाति प्रत्यक्ष गुप्त मतदान करेंगे। जिसके लिए प्रत्येक गांव में बूथ बनाई जा रही है, पूरे प्रदेश में लगभग 5 लाख 75 हजार स्वजाति मतदाता अपनी मत का प्रयोग करेंगे। 20 अक्टूबर को होने जा रहा चुनाव सुबह 8 बजे से 3 तक चलेगा। आधा घंटा का विश्राम के बाद मतों का गणना मतदान अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। मतदान अधिकारी द्वारा मतपत्र लेखा एवं मतपेटी उसी दिन राज्य निर्वाचन कार्यालय में जमा करेंगे। परिणाम की घोषणा 21 अक्टूबर को की जाएगी। राज्य मुख्यालय में प्रशिक्षण अधिकारी कामता वर्मा एवं राज प्रधान चिंताराम वर्मा के द्वारा मतदान प्रशिक्षण की दौरान सभी पीठासीन अधिकारी एवं चुनाव अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए ग्राम प्रमुख एवं नगर इकाई प्रमुख को दिशा निर्देश प्रदान किया गया।

# आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलनः विनोद

## चंद्राकर समाज के छात्र के साथ मारपीट की घटना निंदनीय, समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- मामूली विवाद पर शराब के नशे में बाहरी व्यक्ति ने की मारपीट

छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेशाध्यक्ष (पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक) विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने धमतरी के डीपीएस स्कूल में अध्ययनरत चंद्राकर समाज के छात्र के साथ ट्रेन में की गई मारपीट की घटना को अत्यंत निंदनीय बताते हुए शीघ्र आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग शासन-प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो चंद्राकर समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

चंद्राकर ने कहा कि ऐसी जानकारी मिली है कि धमतरी डीपीएस स्कूल के 171 छात्र और 17 शिक्षक एडवेंचर ट्रेकिंग के लिए नैनीताल गए थे और घटना उस वक्त की है जब वे ट्रेन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बच्चों के मामूली विवाद पर शराब के नशे में उनके साथ गए बाहरी व्यक्ति इंदौर निवासी माली राय द्वारा अश्लील गाली-गलौज करते हुए चंद्राकर समाज के छात्र से मारपीट की गई। साथ ही अन्य बच्चे के हाथों छात्र को चप्पल से पिटाई कराई गई, जो बेहद निंदनीय घटना है। चंद्राकर ने कहा कि डीपीएस स्कूल धमतरी का मालिक धीरज अग्रवाल 6-7 साल पहले ठेकेदारी का काम करता था, तब श्रीमाली राय धीरज अग्रवाल का मुंशी हुआ करता था, जो मध्यप्रदेश के इंदौर का निवासी है। चंद्राकर ने कहा कि यदि डीपीएस स्कूल द्वारा बच्चों को शैक्षिक भ्रमण पर नैनीताल ले जाया गया, ऐसे में उक्त व्यक्ति को किस अधिकार से बच्चों के साथ ले जाया गया। यह जांच का विषय है। साथ ही बच्चे से ट्रेन में मारपीट के दौरान स्कूल प्रबंधक बाजपेयी भी मौजूद थे। उन्होंने बीच-बचाव क्यों नहीं किया। उक्त सभी बिंदुओं पर जांच कर स्कूल प्रबंधन पर भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मारपीट की इस घटना से छात्र को गहरा सदमा लगा है। इस घटना से बच्चे की मनोदशा का अंदाजा लगाया जा सकता है। समाज के बालक के साथ इस अव्यवहारिक घटना से समाज में भारी आक्रोश है। इस घटना के बाद आरोपी श्रीमाली राय का अपने निवास इंदौर फरार होना बताया जा रहा है। पुलिस शीघ्र श्रीमाली राय की गिरफ्तारी नहीं करती तो समाज उग्र आंदोलन को बाध्य होगा।



### यातायात, महिला थाना, पुलिस चौकी व अन्य मांगों को लेकर गृहमंत्री को पत्र प्रेषित



**सरायपाली।** क्षेत्र की विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे सरायपाली में महिला थाना, यातायात थाना, थाना परिसर एवं एसडीओपी पुलिस कार्यालय का आहता निर्माण, वाहन स्टैंड एवं पुलिस तथा अधिकारियों के लिए आवासीय परिसर का निर्माण करने के साथ-साथ ग्राम पंचायत गढ़फुलझर व बड़े साजापाली में पुलिस चौकी खोलने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रणवीर मेश्राम द्वारा प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा को पत्र प्रेषित किया गया है। मेश्राम ने पत्र में उल्लेख किया है कि पुलिस अधीक्षक महासमुंद द्वारा सरायपाली में यातायात थाना खोलने की अनुशंसा की जा चुकी है। वहीं महासमुंद जिले में महिला थाना भी नहीं है। सरायपाली जिले के अंतिम छोर पर बसा प्रमुख व्यावसायिक व राजनीतिक केंद्र बिंदु है। यहां दर्जनों केंद्रीय शिक्षण संस्थाएं, बैंकों की शाखाएं तथा प्रस्तावित जिला भी है। उन्होंने आगे लिखा है कि पुलिस एवं अधिकारी जर्जर भवनों में रह रहे हैं। परिसरों में अधिकारियों का आवास नहीं बना है और वे कार्यालय से काफी दूर निवास कर रहे हैं। इसके अलावा पर्यटन नगरी गढ़ फुलझर में प्रायः सभी मंत्री, मुख्यमंत्री, वरिष्ठ अधिकारी रामचंडी मंदिर में दर्शन करने जाते हैं। अतः वहां भी पुलिस चौकी की अत्यंत आवश्यकता है। मेश्राम ने उपरोक्त समस्त विषयों पर गृह मंत्री का ध्यानाकर्षण करते हुए इस दिशा में अतिशीघ्र संज्ञान लेने की मांग की है।




# सत्ता में आते ही भाजपा का किसान विरोधी चेहरा सामने आ गयाःभूपेंद्र

**महासमुंद।** भाजपा की मौजूदा साय सरकार का किसान विरोधी चेहरा धीरे-धीरे सामने आने लगा है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव भूपेंद्र चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विगत दिनों विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से खबर आ रही है कि मौजूदा सरकार किसानों से धान खरीदी के नाम से छल करने जा रही है। फसल गिरदावरी के नाम से किसानों की भूमि के मेड़ के रकबा को काटकर धान खरीदी की जाएगी, जो की सरासर गलत है। आज तक छत्तीसगढ़ के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ है, जब कभी भी कोई किसान अपने खेतों में फसल लगाता है या रेघ में देता है तो वह पूरे जमीन, जितना रकबा है उतने के हिसाब से आकलन या हिसाब करता है, वह मेड़ काटकर हिसाब नही करता। लेकिन मौजूदा भाजपा की सरकार, व्यापारियों की सरकार है। उन्हें किसानों की पीड़ा से कोई सरोकार नहीं है। भाजपा किसान विरोधी शुरू से रही है, चाहे वह केंद्र हो या राज्य सरकार। पिछली बार रमन सिंह के सरकार के समय भी बोनस की राशि को रोक दिया गया था। मौजूदा साय सरकार एक साल मजबूरी में धान खरीदने के बाद टाल मटोल की नीति किसानों के लिए शुरू कर दिया है। आज तक एक नवंबर से धान खरीदा किया जाता था। लेकिन, अब उसे बढ़ा कर 15 नवंबर कर दिया गया है, जो कि सरासर गलत है। कई किसान अर्ली दर्जे की वैरायटी के धान लगाते हैं जो कि आज पक कर तैयार हो गया है। एक नवंबर से धान खरीदी नहीं होने से किसानों को उन्हें रखने, परिवहन, सुरक्षा करने आदि की समस्याएं आएगी, जिसका भार और परेशानी किसानों को उठाना पड़ेगा। वास्तव में देखा जाए तो प्रदेश में निष्क्रिय सरकार बैठी हुई है जो कोई भी फैसला नहीं ले पा रही है। आम आदमी पार्टी चेतावनी देती है यदि फसल गिरदावरी के नाम से ये सरकार खेतों के मेड़ों को काटकर किसानों की जमीन का रकबा कम करती है तो पार्टी किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करने को बाध्य होगी।



### पूर्व मुख्यमंत्री पटनायक के 79वें जन्मदिन पर किया गया रक्तदान



**नर्रा।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के 79वें जन्मदिन पर खरियार रोड़ नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदाताओं ने 111 यूनिट रक्त संचय हुआ। शिविर में ओडिशा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री योजना व समन्वय मंत्री एवं वर्तमान नुआपड़ा विधायक राजेंद्र धोलकिया, अधिराज पानीग्रही, नुआपाड़ा के बीजद अध्यक्ष मनोज मिश्रा, जिला परिषद मेंबर अभिनी जोशी, जिला ब्लाक चेयरमैन तालेश्वरी साहू, धनी साहू, नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष निशांत डागा, वार्ड नं 15 मोहन चेलक, शहर अध्यक्ष बीजू जनता दल खरियार रोड़ शेखर जैन, गोली तिवारी अध्यक्ष बीजू युवा जनता दल खरियार रोड़, जिला ब्लाक उपाध्यक्ष दिलीप निर्मलकर, मनमीत सिंग गुरुदत्ता, मुकेश श्रीवास्तव, संतोष दुबे, भानुप्रताप सिंह,गोली मांझी, धानी, लम्बोदर नियाल, डाली मांझी, कार्तिक दीप, कातिल दोष, कालिय मूती, दीपिका दीप, सहित बोड़ेन आदि मौजूद रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मंदिरों और चबूतरों में लगाया जाएगा टाइल्स

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के भाठापारा में देवी मां मौली मंदिर परिसर, नवनिर्माण जगन्नाथ मंदिर परिसर, सहाड़ा देवता चबूतरा में टाइल्स ग्रेनाइट व स्टील ग्रील लगाने का कार्य कराया जाएगा। इसके लिए जारी नाप के दौरान इंजीनियर खुलेश साहू, पार्षद धर्मेंद्र यादव, द्रोणाचार्य साहू, भुनेश्वर साहू, डोमार पटेल आदि उपस्थित रहे।

### नशामुक्ति के तहत सांकरा में निकाली गई जागरुकता रैली




**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला सांकरा में खेल एवं युवा कल्याण के तत्वाधान में कूड़ो संघ द्वारा नशामुक्ति जागरुकता रैली अभियान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में समाज कल्याण के बैनर तले 15 अक्टूबर को चलाया गया। नशामुक्त भारत अभियान के तहत विकसित भारत मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र की थीम पर रैली निकाली गई। अभियान में जिले के खिलाड़ियों व विद्यालय के 90 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों, विद्यार्थियों व स्टॉफ ने लोगों को जागरुक करने के लिए नशामुक्ति रैली निकाली एवं नारों, बैनर के माध्यम से प्रचार प्रसार कर नशा से दूर रहना का संदेश दिया। आयोजित किया गया। इसमें खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, मीरा पंडा, दीपक निषाद, उपेंद्र प्रधान, प्रधानपाठक बिलासिनी दीप, पुष्पलता शुक्ला, संदीप चंद्राकर, सरोजिनी खटकर का सहयोग रहा।

### स्काउट-गाइड के मुख्य राज्य आयुक्त से मुलाकात



**महासमुंद।** स्काउट गाइड मुख्य राज्य आयुक्त एवं छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग पूर्व अध्यक्ष डॉ सोमनाथ यादव जिला महासमुंद स्काउट गाइड के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे। जहां सर्किट हाउस में यादव समाज के प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया। जिसमें मुख्य रूप से राजू यादव राजनीतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष यादव समाज, डूमन यादव सरपंच बिहाझर, मनोज यादव जिला महासचिव, चरण यादव खल्लारी परिक्षेत्र अध्यक्ष, हेमलाल यादव, सारिका यादव महासमुंद, जनक प्रसाद यादव पूर्व उपसरपंच पतेरापाली, भानू प्रताप यादव, गैंदराम, गौतम यादव सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम: बेसिक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत कार्यशाला का आयोजन

# रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी को उन्नति पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय पॉलिटेक्निक में बेसिक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के दूसरे एवं तीसरे दिन प्रतिभागियों को रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उन्नत अनुप्रयोगों पर गहन जानकारी दी गई। यह कार्यशाला प्राचार्य इंजीनियर चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में और अटल एफडीपी के कोऑर्डिनेटर डॉ. वीनू चंद्राकर और को-कोऑर्डिनेटर हेमंत कुमार महोबिया के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में मुख्य अतिथि डॉ. जगपाल सिंह बल डिप्टी डायरेक्टर तकनीकी शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर ने एंडवांसमेंट एंड एप्लीकेशन आफ एआई नई रोबोटिक्स पर व्याख्यान दिया। इस सत्र में उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स के तालमेल पर गहन चर्चा की। उन्होंने पेपर रोबोट के माध्यम से हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस करवाई, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने रोबोटिक्स के भविष्य के रुझानों और संभावित कार्यान्वयन पर प्रकाश डाला, जिससे प्रतिभागियों को रोबोटिक्स के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही पाइथन लैंग्वेज द्वारा प्रोग्रामिंग के तरीकों को बहुत ही सरलता से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

मानव-रोबोट इंटरैक्शन को उन्नत बनाने के तरीकों पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम के तृतीय दिवस में मुख्य अतिथि डॉ गणेश शुक्ल सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा सेशन की शुरुआत किया गया। जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री 4.0 कांसेप्ट के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान किए।

उन्होंने बताया कि आज पूरा विश्व सस्टेनेबल डेवलपमेंट की ओर अग्रसर हो रहा है। उद्योग एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपनी गहरी विशेषज्ञता के लिए विख्यात डॉ शुक्ला ने इंडस्ट्री 4.0 और सस्टेनेबल डेवलपमेंट के विषय पर अपने अनुभव और विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीकों ने उद्योगों में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए हैं। साथ ही उन्होंने सस्टेनेबल डेवलपमेंट के महत्व पर जोर दिया और कहा कि आज के दौर में उद्योगों को आर्थिक वृद्धि के साथ पर्यावरण संतुलन और सामाजिक विकास को ध्यान में रखते हुए काम करना चाहिए।

उनके प्रेरणादायक विचारों से उपस्थित सभी लोगों ने गहरी प्रेरणा ली। प्रतिदिन कार्यक्रम के अंतिम सत्र में सुशी मोनिका कुलश्रेष्ठ एमएसएमई भिलाई द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन रोबोटिक्स किट एसेंबली पर हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।



### 19 अक्टूबर से होगी कार्यशाला

कार्यक्रम का संचालन डॉ. लक्ष्मीकांत कराल विभागाध्यक्ष साइंस एंड ह्यूमैनिटीज विभाग और डॉ. नंदिता गुप्ता व्याख्या अंग्रेजी साइंस एंड ह्यूमैनिटीज विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ शोभा मालीवाल विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग विभाग, सालिक राम ढीमर, रितेश दुबे व आनंद साहू व्याख्याता मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, नीलकमल साहू व वैभव वर्मा व्याख्याता इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, उमेश वर्मा व अनुराधा शर्मा कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, शारदाचरण गुप्ता व स्वाति कुमारी सिविल इंजीनियरिंग विभाग, युधिष्ठिर प्रधान एवं राज्य के विभिन्न 33 जिलों के पॉलीटेक्निक के अलग अलग क्षेत्रों के व्याख्याता एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, और प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक सत्र प्रतिभागियों के ज्ञान में वृद्धि करते हैं और उन्हें उभरती हुई तकनीकों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। यह कार्यशाला 19 अक्टूबर 2024 तक जारी रहेगी, जिसमें प्रतिभागियों को और भी गहन सत्रों का लाभ प्राप्त होगा।

# कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया गया महिला किसान दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग एवं विस्तार शिक्षण संस्थान गुवाहाटी, असम के सहयोग से मंगलवार को कृषि विकास किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर में महिला किसान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि में बदलाव लाने में महिला उद्यमियों की भूमिका विषय पर चर्चा की गई। साथ ही जिले के महिला कृषकों, उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया। जिले के उद्यमी महिला कृषकों जो साग-सब्जी उत्पादन, बागवानी कार्य, दलहन तिलहन फसलों के उत्पादन एवं कृषक उत्पादन संगठन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले महिला कृषकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप संचालक कृषि एफआर कश्यप द्वारा महिला कृषकों को धान के बदले दलहन, तिलहन मक्का एवं रागी की फसल लगाने प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग से डॉ. परमजीत सिंह कंवर सहायक संचालक कृषि, गणेश्वरी बंजारे अनुविभागीय कृषि अधिकारी महासमुंद, कुणाल चंद्राकर विषय वस्तु विशेषज्ञ, डॉ रविश केशरी विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद, मनोज पटेल कृषि विकास अधिकारी, अभिषेक शर्मा एवं कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी, कर्मचारी एवं महिला किसान उपस्थित रहे।

# बिरकोनी में मनाया विश्व हाथ धुलाई दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में 15 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा साफ हाथ अभी भी महत्वपूर्ण क्यों है विषय के साथ प्राचार्य करण सिंह सोरी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मण मानिकपुरी के संयोजन में विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम बच्चों को 40 सेकंड तक पानी और साबुन से हाथ धोने के विभिन्न चरणों को प्रायोगिक रूप से व्याख्याता तारामती साहू द्वारा बताया गया। बच्चों के हाथ धुलवाए गए। इसके पश्चात व्याख्याता सीआर अग्रवाल द्वारा नियमित रूप से हाथ धोने के फायदे एवं नुकसान के संदर्भ में बच्चों को अवगत कराया गया। प्राचार्य करण सिंह सोरी द्वारा बच्चों को भोजन के पूर्व एवं बाहर से घर आने के पश्चात हाथ धोने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही हाथ धोने से कई प्रकार के संक्रमण से बचा जा सकता है तथा स्वास्थ्य की रक्षा के लिए हाथों की स्वच्छता का महत्व और भी बढ़ जाता है और सही तरीके से हाथों के स्वच्छता बनाए रखना विभिन्न बीमारियों से बचाव का सबसे कारगर तरीका है की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण मानिकपुरी ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता वीपी गोस्वामी, निर्मला कुजुर, केएल साहू, करुणा चंद्राकर, सीआर अग्रवाल, गीता दासरवार, लताराजन, रंजीता दुबे, तारामती साहू, रिचा पांडे, लक्ष्मण मानिकपुरी, राम प्रसाद मोहंती, एसके गुप्ता, सौरभ साहू, मुकेश ध्रुव, उषा साहू, महेश, ढालू एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

# सावित्रीपुर स्कूल में हुआ पालक-शिक्षक सम्मेलन बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में पालक शिक्षक बैठक आयोजन किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों सहित ग्राम सावित्रीपुर, तिलंजनपुर एवं भजपुरी एवं छात्रावासी छात्राओं के पालकगण की बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। जिसमें प्रमुख मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया गया।

उल्लेखनीय है कि पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने तथा उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आंकलन कर बेहतर परिणाम के लिए पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालक स्तर पर रणनीति तैयार की गई। जिसके लिए विद्यालय की भांति घर में भी समय विभाग चक्र बनाकर पालकों की निगरानी में बच्चों द्वारा क्रियान्वयन का निर्णय लिया गया।



बच्चों की समस्त गतिविधियों के बारे में एक बुकलेट तैयार कर पालकों को जानकारी देते हुए उस पर चर्चा की गई। जिसके अंतर्गत तिमाही परीक्षा आंकलन, लंबी अनुपस्थित वाले बच्चों की सूची एवं किए गए प्रयास, छात्रवृत्ति स्वीकृत एवं जाति प्रमाण पत्र संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे एसएमडीसी के अध्यक्ष केतब बारीक, जनपद सदस्य आरती छबिलाल रात्रे, सरपंच ग्राम पंचायत सावित्रीपुर शिवकुमारी मालिन दास मानिकपुरी, विधायक प्रतिनिधि छबिलाल रात्रे, गोकुलानंद प्रधान, दिलीप प्रधान, ललित मिश्रा, लाल निराला, दीपक, कथावाचक देवराज मिश्रा, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक एसएल पटेल, संकुल समन्वयक पीएल चौधरी सहित एसएमडीसी के सदस्य, संस्था के समस्त शिक्षकगण व पालक उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य प्रसाद सिदार ने बैठक का संचालन किया। पालकों ने भी अपने-अपने सुझाव भी दिए।

# खेल प्रतिभा को आगे लाने 20 साल से करवा रहे क्रिकेट: अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता तो तत्काल बुलावे पर सुख दुख में शामिल होने में कभी कमी नहीं करते, इसी तारतम्य में विगत 20 वर्षों से खेल प्रतिभा को निखारने उनके खेल को और बेहतर करने हर साल क्रिकेट प्रतियोगिता करवाते आ रहे चितमखार ग्रामवासियों के आयोजन में शामिल हुए।

खल्लारी विधानसभा के एक छोर के पहले ग्राम चितमखार में क्रिकेट के समापन में बतौर मुख्य अतिथि अंकित बागबाहरा सम्मिलित हुए, जिसमें लगभग 50 टीमों ने हिस्सा लिया और फाइनल मैच नवाडीह जामली और नवागांव बागबाहरा के मध्य खेला गया। जिसमें नवागांव बागबाहरा ने फाइनल जीता। जय मां खल्लारी युवा क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में अंकित बागबाहरा ने कहा कि शीघ्र ही खिलाड़ियों की प्रतिभा को आगे लाने एक कार्ययोजना पर काम कर रहे हैं और शीघ्र ही उसपर अमली जामा पहनाने वाले हैं। क्योंकि उनकी दिली तमन्ना है कि खल्लारी विधानसभा के क्रिकेट खिलाड़ी का नाम पूरे देश और विदेश में हो।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से ईश्वर सोरी, तामेश्वर ध्रुव, एनकुमार दीवान, लोकनाथ दीवान, चैन पटेल, कबीर साहू, इंद्रा चौहान, बुधराम ध्रुव, नीलकंठ यादव, ठाकुरराम दीवान, ईश्वर साहू, गजानंद दीवान, देव कुमार ध्रुव, हीरामन दीवान, शांतिलाल दीवान, डॉ हरीश साहू, उमाशंकर दीवान, पोखराज दीवान के साथ साथ बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# आशीबाई स्कूल में हुआ साइबर जनजागरुकता कार्यक्रम




**महासमुंद।** शासकीय आशी बाई गोलछा हायर सेकंडरी स्कूल में एनएसएस इकाई द्वारा सायबर जनजागरुकता पखवाड़ा के तहत सायबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में बच्चों को सायबर क्राइम तथा उसे रोकने के लिए उठाए गए उपायों के बारे में पुलिस विभाग से आए हुए प्रधान आरक्षक सुचित्रा विदानी, महिला आरक्षक अन्नू भोई तथा चित्ररेखा नवरंगे द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मधुमति चंद्राकर तथा आभार प्रदर्शन व्याख्याता खोमन लाल चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता विमल कुमार मन्नाडे, विवेक राहटगांवकार, ज्योति चंद्राकर, पूजा साहू, अनिता साहू, आयशा लतीफ़ आदि का सहयोग रहा।

## स्वयंसेवकों ने 520 लोगों को एड्स के प्रति किया जागरूक

# गांवों में चलाया एड्स जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्रानुसार, छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एड्स या एचआईवी जागरूकता के लिए इंटेसिफाई आईईसी कैंपेन के तहत रेड रिबन क्लब जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत महासमुंद जिले में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय एड्स जागरूकता कार्यक्रम डॉ नीता बाजपेयी राज्य रासेयो अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार चयनित 10 ग्रामों में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल एवं कार्यक्रम नोडल व जिला संगठक रासेयो डॉ. मालती तिवारी के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। अभियान द्वितीय दिवस 16 अक्टूबर को ग्राम बरोंडाबाजार, बेलसोंडा, लभराखुर्द, परसकोल, परसवानी में रासेयो स्वयंसेवकों ने एड्स के प्रति लोगों को डोर टू डोर सर्वे, चौक चौराहों, बाजार हाट पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया। प्रत्येक गांव में नारा लेखन का कार्य भी किया गया। जागरुकता रैली के माध्यम से एड्स के बचाव के लगाते हुए ग्रामीणों को एचआईवी रोग से बचने के उपाय भी बताया गया। सभी पांच ग्रामों में लगभग 320 डोर टू डोर सर्वे कर स्वास्थ्य सर्वे, शिक्षित, कुपोषित एवं एड्स के प्रति लोगों को एड्स जानकारी ही बचाव पर आधारित विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अभियान में महासमुंद ब्लॉक के 5 महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में पांचों ग्राम में लगभग 520 लोगों को एड्स के प्रति लाभान्वित किया गया। ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में कार्यक्रम सहायक नोडल अजय कुमार राजा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरस्वती वर्मा शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, राजेश्वरी सोनी पीजी कॉलेज, निर्मल बंजारे श्याम बालाजी बीएड कॉलेज, चुम्मन लाल निषाद इंडियन कॉलेज, गायत्री चंद्राकर शांत्री बाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय उपस्थित रहे।







### कलेंडा आंगनबाड़ी में मनाया गया किशोरी बालिका दिवस

**सरायपाली।** आंगनबाड़ी केंद्र कलेंडा में परियोजना अधिकारी नारंग के निर्देशन एवं सेक्टर छुईपाली के सुपरवाइजर चंद्रिका कुमार के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत किशोरी बालिका दिवस मनाया गया। सुपरवाइजर के मुख्य आतिथ्य एवं लेखा नागवंशी के विशिष्ट आतिथ्य में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कलेंडा स्कूल से हाई एवं हायर सेकेंडरी के छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, रंगोली आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा किशोरी बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक कार्तिकराम बारिक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्वशी बारीक, प्रेमलता वैष्णव, जमुना पटेल, रत्ना पटेल, हीरा भोई, कल्याणी बरीहा, वीणा चौहान, नूरा ग्वाल, सुदेष्ठा ग्वाल, प्रमोदिनी सागर, खेलमोती पटेल आदि समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di · Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411